हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 14 जून 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 38.2 डिग्री

4

शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विद्यालय प्रबंधन की बैठक



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (3 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
साव्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

## खबर संक्षेप

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम चम्पा निवासी जशवंत सिंह का कुआं के पानी में डुबने से 21 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक की पत्नी डोरा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब पीने का आदि ग्रामीण ने कीटनाशक पी लिया। ग्रामीण को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम श्याम नगर निवासी शिवनाथ राजवाड़े आ. रामरतन राजवाड़े शराब पीने का आदि था। गत दिन शराब के नशे में कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ खाया जहर

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के ग्राम डिण्डो में भाजयुमो नेता ने पत्नी के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ने कमरा बंद कर जहर खा लिया। घटना के बाद महिला की घर में ही मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। फिलहाल जहरखुरानी के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के ग्राम डिंडो निवासी 28 वर्षीय राकेश गुप्ता का विवाह वाड्रफनगर निवासी अंजू गुप्ता से हुआ था। राकेश भाजयुमो सनावल का मंडल पदाधिकारी था और वर्तमान में अंबिकापुर के एक निजी हॉस्पिटल में काम करता था। दोनों का एक तीन साल का बच्चा भी है। युवक मंगलवार को ही पत्नी व बच्चे के साथ गृह ग्राम डिंडो गया था। इस दौरान शाम लगभग 4 बजे उसने अपने बच्चे को चाचा के पास भेज दिया और दम्पति कमरे में चले गए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर तेज आवाज में टीवी शुरू कर दिया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे बाद कमरे के सामान गिरने की आवाज आई तो परिजन ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो दोनों बेहोश पड़े हुए थे। इस दौरान अंजू गुप्ता की मौत हो गई थी जबकि राकेश गुप्ता ने वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**रामानुजगंज।** बुधवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। भागने के चक्कर में चालक ने रास्ते में वाले अन्य लोगों को टक्कर मार दी और फिर आंवरा झरिया घाट पर ट्रक पुलिया के रेलिंग से टकरा गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते से फरार हो गया।

जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# सील किया गया शांति फ्यूल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के भीतर स्मार्ट प्वाइंट सुपर मार्केट के सामने व शांतिभवन के बगल में संचालित मेसर्स शांति पेट्रोल पंप को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीती रात सील कर दिया है।

■ निर्धारित मात्रा से 216 लीटर अधिक डीजल पाया गया

मेसर्स शांति पेट्रोल पंप की प्राप्त शिकायत जांच हेतु एसडीएम द्वारा गठित पांच सदस्यीय जांच दल द्वारा पंप की जांच की गई। इस दौरान यहां व्यापक अनियमितताएं पाई गई। जैसे डीजल का स्टॉक निर्धारित मात्रा से 216 लीटर अधिक पाया गया, जिससे पेट्रोल पंप के द्वारा ग्राहकों के डीजल में कटौती का अंदेशा लगाया जा रहा है। इसके अलावा पेट्रोल पंप में मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाया गया है, जिसके आधार पर मेसर्स शांति फ्यूल्स को सील करने की बड़ी कार्रवाई की गई। पूर्व में भी मेसर्स शांति फ्यूल्स की जांच की गई थी, जिसमें अनियमितताओं के पाए जाने पर सुधार हेतु अवसर दिया गया, परंतु किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया। बीती रात 5 सदस्यीय जांच दल द्वारा पंप की जांच की गई। जांच के बाद ने जिला खाद्य विभाग सहित संयुक्त दल ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप को सील कर दिया है।



जांच के बाद कार्रवाई करते अधिकारी।

# अचानक आया तेज हवा के साथ पानी, घरों की उड़ी एस्बेस्टस सीट, गिरे बड़े-बड़े पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विकासखंड के आधा दर्जन गांव में गुरुवार की दोपहर करीब 3:30 बजे तेज आंधी तूफान व बारिश ने कई गरीबों के आशियाने उजाड़ दिए. पत्थलगांव नगर पंचायत के प्रेमनगर, ग्राम पंचायत पतरापाली, दिवानपुर, पाकरगांव, मुड़ापारा, पालीडीह में आंधी तूफान से घर का एस्वेस्टर उजड़ गया है. इससे घर के लोग बाल-बाल बच गए. इस दौरान उन्होंने घर में उजड़े एडवेस्टर को लेकर लाखों रुपये के नुकसान होने की बात कही है. मालूम हो कि नगर पंचायत पत्थलगांव के वार्ड प्रेमनगर में नेहरू विश्वकर्मा, छोटु विश्वकर्मा, ज्ञानी विश्वकर्मा, दयालु विश्वकर्मा, पतरापाली में पिंगल दास महंत, गोविंद दास महंत, दिवानपुर में उमेश यादव का सीमेंट के अल्बेस्टर सीट से बना घर, आए तेज आंधी तूफान मे उजड़ गया। आंधी के साथ कुछ दूरी पर जाकर कई टुकड़ों में धरती पर अल्बेस्टर टुकड़ों में तब्दील गया। ऐसे में गरीब मजदूर को रहने के लिए अब पक्का आवास नहीं रहने के कारण काफी परेशानियों का सामनाव करना पड़ रहा है। बताते चले की ऐसे में गरीब मजदूर को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत कई योजनाओं के तहत पक्का आवास बनाने की मांग की है ।पीड़ति मजदूरों ने साय सरकार से आग्रह करते हुए कहा है कि मुझे आवास देने की कृपा की जाए ताकि मुझे आने वाले वर्षा ऋतु में परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं दिवानपुर में विशालकाय पेड़ टूटकर सड़क पर गिरने से ग्रामीण मार्ग अवरूद्ध हो गया है । गनीमत यह रहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर

■ आधा दर्जन गांव प्रभावित



आंधी से टूटकर गिरा पेड़।

# सीईओ जिपं ने की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने विगत दिवस को विकासखंड कांसाबेल के जनपद सभा कक्ष में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा करने व मनरेगा में लोगों को अधिक से अधिक रोजगार देने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जय गोविंद गुप्ता, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, और महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों डबरी निर्माण,तालाब गहरीकरण, कुंआ निर्माण, भूमि समतलीकरण आदि की विस्तृत समीक्षा की और पूर्व वर्षों के लंबित कार्यों को गंभीरता से लेते हुवे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।ऐसे कार्य जिन्हे बारिश के दौरान कराया जा सकता है उन्हे चिन्हांकित कर अधिक से अधिक श्रमिक नियोजित करे साथ ही ग्राम पंचायतों में पर्याप्त कार्य स्वीकृत करा के प्रत्येक जॉब कार्ड धारी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए जिससे अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

### अलग-अलग घटनाओं में दो युवती की मौत

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में 12 जून को अलग-अलग दो घटनाओं में दो युवतियों ने मौत को गले लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पहली घटना में एक युवती ने ट्रेन आने के दौरान पटरी पर लेट गई, जिससे कि उसका सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लेकर विवेचना में जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 जून को खरवत आनी के बीच रेल लाइन में एक युवती ट्रेन की चपेट में आ गई, जिसकी पहचान ग्राम आनी निवासी पार्वती प्रजापति के रूप में हुई, जो घटना दिवस को अपने घर पर ही मोबाइल छोड़कर घर से निकल गई थी, जिसका शव रेल्वे ट्रेक पर मिला। जानकारी के अनुसार 12 जून को पूर्वान्ह लगभग 11:15 बजे गाड़ी नंबर 18756 अंबिकापुर-शहडोल गुजर रही थी, इसी दौरान खरवत रेल्वे लाइन पर युवती पार्वती प्रजापति ट्रेन को देखकर पटरी पर लेट गई, इसी बीच ट्रेन गुजरी तब उसका सिर कटकर धड़ से अलग हो गया।

# लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई के लिए समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिले के लंबित राजस्व प्रकरणों को निराकरण करने हेतु दिवस निर्धारित कर जनहित में सुनवाई कर प्रकरणों को समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे आम जनता को सही समय पर न्याय मिल सके। इसके लिए निर्धारित दिवसों पर लंबित प्रकरणों को न्यायालय में उपस्थित रहकर सभी पीठासीन अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

■ कुल 25 न्यायालयों में सुनवाई के दिन निर्धारित

सभी पीठासीन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित दिवसों पर यदि अपरिहार्य स्थिति में सुनवाई नहीं की जाती है तब कलेक्टर की पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे। लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में न्यायालय दिवस का निर्धारण किया गया है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर जशपुर में सोमवार, बुधवार और गुरूवार को लिंक कोर्ट पत्थलगांव में 02 से 4 बजे तक सुनवाई का दिन निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एसडीएम न्यायालय जशपुर में सोमवार, बुधवार और गुरूवार को 3 बजे से, एसडीएम न्यायालय कुनकुरी में सोमवार और बुधवार को 11 से 2 बजे तक, एसडीएम न्यायालय बगीचा में सोमवार, बुधवार, गुरूवार और शुक्रवार को लिंक कोर्ट कांसाबेल में 2 से 5 बजे तक, एसडीएम न्यायालय पत्थलगांव में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को 12 से 2 बजे तक, एसडीएम न्यायालय फरसाबहार में सोमवार, बुधवार और गुरूवार को 11.00 से 2.00 बजे तक सुनवाई का दिन निर्धारित है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय जशपुर में सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार को 11 बजे से और तहसीलदार न्यायालय मनोरा में सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार को 12 से 4 बजे तक, तहसीलदार न्यायालय कुनकुरी में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार में 11 से 5.30 बजे तक, नायब तहसीलदार न्यायालय कुनकुरी में बुधवार, शुक्रवार और अति-तहसीलदार न्यायालय में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार को 12 बजे से, तहसीलदार न्यायालय दुलदुला में सोमवार, मंगलवार, गुरूवार, शुक्रवार को 11.30 बजे से, तहसीलदार न्यायालय कांसाबेल में सोमवार, मंगलावार, शुक्रवार को 11.00 से 5.30 बजे तक, तहसीलदार न्यायालय फरसाबहार में सोमवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार को 11.00 से 5.00 बजे तक, नायब तहसीलदार न्यायालय फरसाबहार में सोमवार, मंगलवार, गुरूवार को 11.30 बजे से, तहसीलदार न्यायालय में सोमवार, बुधवार, गुरूवार को 11.30 बजे से एवं नायब तहसीलदार न्यायालय बगीचा में सोमवार, बुधवार, गुरूवार को 12.00 से 4.00 बजे तक, तहसीलदार न्यायालय सन्ना में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 12.00 बजे से, तहसीलदार न्यायालय पत्थलगांव में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 1.00 से 4.00 बजे तक, नायब तहसीलदार न्यायालय पत्थलगांव में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 12.00 से 3.00 बजे तक, तहसीलदार न्यायालय बागबहार में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 11.00 बजे से और अति-तहसीलदार न्यायालय बागबहार में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को 11.00 बजे से सुनवाई का दिन निर्धारित है।

# करैत के डंसने से पिता पुत्र की मौत, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**वाड्रफनगर।** रात को सोते समय करैत के काटने से पिता पुत्र की मौत हो गई। सोते समय सांप ने दोनों को डंस लिया जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान पहले पुत्र और फिर पिता ने दम तोड़ दिया। युवक ससुराल में रहकर निजी स्कूल में पढ़ाने का काम करता था जबकि उनकी पत्नी भी शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। पिता पुत्र की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पीएम उपरान्त दोनों के शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद परिजन शवों को लेकर गृहग्राम जशपुर चले गए। बताया जा रहा है कि मूलतः जशपुर जिला निवासी 35 वर्षीय अजय तिर्की का ससुराल विकासखंड के ग्राम बरतीकला के आश्रित ग्राम केनापारा में है। युवक केनापारा में रहकर रजखेता स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य करता था जबकि उनकी पत्नी भी शासकीय शिक्षक है। युवक का 10 वर्षीय पुत्र आरुष तिर्की है। सोमवार की रात अजय तिर्की रात को खाना खाने के बाद पुत्र आरुष तिर्की के साथ सो गया था। इस दौरान देर रात उन्हें किसी जीव द्वारा काटे जाने का एहसास हुआ तो उनकी नींद खुल गई।





# पटवारी की पिटाई, आरोपी बिलासपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

पटवारी से मारपीट कर फरार आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्ताफ्कर लिया है। मामला कोतबा पुलिस चौकी के ग्राम जामझोर का है।

■ प्रतिबंधित भूमि पर बोर खनन करने से मना करने पर की थी पिटाई

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार भगत उम्र 32 साल पटवारी ग्राम जामझोर ने 12 मई को चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि तहसीलदार द्वारा स्टे लगाए गए शासकीय जमीन में हीरासाय लकड़ा बोर उत्खनन करा रहा था। पटवारी होने के नाते तहसीलदार के निर्देश पर वह मौके पर वह जाकर बोर उत्खनन करने से मना किया। इस पर आरोपी हीरासाय लकड़ा अमर्यादित व्यवहार करते हुए धक्का देकर जमीन में गिरा दिया व मारपीट करने लगा। मारपीट करने से प्रार्थी के चेहरा, कोहनी एवं अन्य हिस्से में चोंटे आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 186, 353, 332 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। स्वयं के विरुद्ध अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलने पर आरोपी फरार हो गया था व बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। विवेचना के दौरान मुखबिर एवं साइबर सेल के सहयोग से उसके बिलासपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम का गठन कर बिलासपुर रवाना किया गया। टीम द्वारा पता तलाश करके उसे बिलासपुर से अभिरक्षा में लेकर चौकी में लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध को घटित करना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी हीरासाय लकड़ा उम्र 37 साल ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



# व्यापम की परीक्षा से आधे परीक्षार्थी गायब

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया। प्रथम पाली में पीईटी में जिले में 316 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में 164 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। अनुपस्थिति परीक्षार्थी की संख्या 152 रही। प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। द्वितीय पाली में पीपीएचटी में 472 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण किया है। जिसमें से उपस्थित केंद्र में 224 उपस्थित रहे तथा अनुपस्थिति की संख्या 248 रहीं। जिले के समन्वयक डॉ विजय रक्षित ने बताया कि प्रथम पाली में परीक्षाथियो की अनुपस्थिति चिंताजनक है। महाविद्यालय द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए समन्वयक व प्राचार्य एवं सहायक समन्वयक ने परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था मुहैया कराई।

## पहाड़ी कोरवा ग्रामों में विशेष स्वास्थ्य शिविर

# बनाए गए आधार कार्ड, ग्रामीणों ने हेल्थ कैंप का उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत शिविर आयोजन का सिलसिला लगातार जारी हैं। जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित कर इन समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

■ आदिवासी समुदाय के आर्थिक सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई शिविर

इसी कड़ी में सन्ना, बगीचा और बलादरपाठ के पहाड़ी कोरवा बस्ती में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। साथ ही आधार कार्ड बनवाने के लिए उत्साह के साथ हिस्सा लिया। एसडीएम बगीचा ओंकार यादव, बीएमओ बगीचा सुनील लकडा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा एके सिंह, तहसीदार सन्ना, हल्का पटवारी सन्ना, खाद्य निरीक्षक बगीचा, मंडल संयोजक बगीचा, कृषि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों की संयुक्त टीम के साथ ग्राम पंचायत सन्ना के पहाडी कोरवा बस्ती बलादरपाठ का भ्रमण किया गया। टीम के साथ पैदल यात्रा कर पहाड से नीचे निर्माणाधीन डबरी का निरीक्षण किया तथा सचिव को निर्देशित किया कि डबरी के मेडों पर पौधे लगाए। जिससे मिट्टी का कटाव रुके। साथ ही उपस्थित पहाडी कोरवाओं से भेंट मुलाकात किया एवं वापस आकर प्राथमिक शाला बलादरपाठ में पहाडी कोरवा कृषको के साथ संयुक्त रुप से बैठक किया। एसडीएम श्री यादव ने उपस्थित पहाडी कोरवाओं से जानकारी लिया एवं उनकी समस्या से अवगत हुए। कोरवाओं द्वारा मांग किया गया कि बलादरपाठ में पीडीएस की दुकान अलग से खोली जाए। जिससे खाद्यान प्राप्त करने में सुविधा हो। एसडीएम ने दुकान खोलवाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान जानकारी मिली कि महतारी वंदन की राशि सभी महिलाओं को नियमित मिल रही है एवं सभी को नियमानुसार चावल का वितरण किया जा रहा है। चावल प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। साथ ही सन्ना तहसीलदार एवं पटवारी को निर्देशित किया कि पहाडी कोरवाओं के जाति प्रमाण पत्र इन्हे तत्काल उपलब्ध करायें। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बगीचा द्वारा उपस्थित कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, किसान समृद्धि योजना, शाकम्भरी योजना, सोलर पंप स्थापना की जानकारी दी गई साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा के द्वारा 20 पहाडी कोरवा कृषकों को रागी बीज का वितरण किया गया।



शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

# किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

**जशपुरनगर।** जिले के किसानों को रसायनिक खाद का वितरण हेतु 14220 मि.टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें से अद्यतन स्थिति में 6354-98 मि.टन समिति में भंडारित है, व डबल लॉक केन्द्रो में 1406 मि.टन खाद उपलब्ध है।

इस प्रकार कुल 8259 मिटन खाद जिले में 58 प्रतिशत उपलब्ध है। वर्तमान में समितियों में मांग अनुसार 44.69 प्रतिशत भंडारण कर 33.24 प्रतिशतखाद किसानों को वितरण किया जा चुका है। खरीफ 2024 हेतु बीज का लक्ष्य 9400.00 क्विंटल है, जिसके विरूद्ध अद्यतन स्थिति में प्रक्रिया केन्द्र कुनकुरी में 9338.20 क्विंटल उपलब्धता में से समिति में 7081.80 क्विंटल व विभाग में 664.64 क्विंटल कुल 7746.44 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। अद्यतन स्थिति तक 2257.00 क्विंटल बीज वितरण किया जा चुका है। जिले को प्राप्त लक्ष्यानुसार बीज एवं खाद का भंडारण किया जा रहा है। इसी तरह जिले में ऋण वितरण का लक्ष्य 36.00 करोड़ है। जिसमें से 24.93 करोड़ किसानों को ऋण वितरण समिति के माध्यम से किया जा चुका है। जैसे-जैसे किसान ऋण हेतु समितियों में पहुंच रहे हैं। उसी प्रकार उनका ऋण स्वीकृत कर शासन द्वारा दिये जा रहे लाभ किसानो को दिया जा रहा है। खरीफ सीजन हेतु जिले में बीज एवं खाद की कमी न हो इसके लिए समितियों में भंडारण हेतु विभाग पूर्ण रूप से प्रयासरत है।

13- JUN-Jash-CORIYA-RAG-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/13/2024 7:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जैक स्नाइडर की दोनों रिबेल मून का अब रिलीज होगा डायरेक्टर्स कट वर्जन



एक्शन फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद खास होने जा रहा है। आज ही हॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक जैक स्नाइडर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खुशखबरी को फैंस के संग साझा किया है। उनकी फिल्म 'रिबेल मून-पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून-पार्ट टूः द स्कारगिवर' को अब दर्शक डायरेक्टर कट के साथ देख पाएंगे। नए टाइटल के साथ उनकी दोनों फिल्में इस साल अगस्त में दस्तक देने जा रही है। जैक स्नाइडर ने क्या कुछ कहा है अपनी इन फिल्मों के बारे चलिए जानते हैं-- 'रिबेल मून' के निर्देशक जैक स्नाइडर ने आज खुलासा किया है कि उनकी दोनों फिल्म अब डायरेक्टर कट के साथ एक बार फिर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है। इस खबर को सुनकर 'रिबेल मून' के दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने फैंस के संग फिल्म के नए टाइटल को भी साझा किया है। निर्देशक जैक स्नाइडर एक्शन फिल्मों के महारथी हैं। आज अपनी फिल्म 'रिबेल मून' के बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि 'रिबेल मून - पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून - पार्ट टूः द स्कारगिवर' को नए शीर्षक के साथ एक बार फिर से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने इसके साथ यह भी बताया कि दोनों फिल्मों के नाम क्रमशः 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' होगा। 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' को डायरेक्टर कट के साथ देखने के लिए दर्शक बेताब हो रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'कुली' की शूटिंग शेड्यूल में बदलाव, फ्लोर पर आएगी रजनीकांत और लोकेश की फिल्म



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने 'वेट्टैयन' की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी निर्माताओं ने फिल्म के सेट से तस्वीर साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब अभिनेता अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज के साथ मिलकर रजनीकांत जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं, जिसके बारे में ताजा जानकारी सामने आई है। ताजा अपडेट के अनुसार, 'कुली' की शूटिंग 1 जुलाई से शुरू होने वाली है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। लोकेश कनगराज फिलहाल कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म के अन्य किरदारों के लिए कई कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 'कुली' लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्म नहीं होगी।

हाल ही में एक साक्षात्कार में निर्देशक लोकेश कनगराज ने खुलासा किया कि फिल्म में मजबूत महिला किरदार होंगे। खबरें हैं कि श्रुति हासन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि वे फिल्म में अभिनेता की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। साथ ही कहा गया है कि अन्य बड़े कलाकारों को भी जल्द ही कास्ट किया जाएगा। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने बाकी है।

इससे पहले यह खबर आई थी कि फिल्म का पहला भाग पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं। टीम शेष हिस्से को तेजी से पूरा करने के लिए तैयार है।

कुली' के सह-लेखकों में से एक चंद्रू अंबाजगन ने आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर यह रोमांचक खबर साझा थी। कुली फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं।

### भोजपुरी

## फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्ट लुक हुआ आउट, जल्द लांच होगा ट्रेलर



लगातार बैक टू बैक भोजपुरी फिल्मों के निर्देशन करने वाले डायरेक्टर संजीव बोहारपी की एक और फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्टलुक आउट जारी हुआ। इसके बाद फिर एक बार यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। इसके फर्स्टलुक को जहां फिल्मी जगत के लोग पसंद कर रहे है वहीं भोजपुरी फिल्मों से सोशल मीडिया से जुडे लोग भी पसंद कर रहे है। फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी एवं डायरेक्टर संजीव बोहारपी ने बताया कि ट्रेलर भी जल्द ही लांच होगा और कोशिश है कि इस फिल्म का प्रदर्शन जल्द से जल्द किया जाए। इस फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी, प्रदीप सिंह एवं अंजनी तिवारी है। वहीं भोजपुरी इंडस्ट्री से संजना पांडे,आकाश,श्लेषा मिश्रा, ललित उपाध्याय,किरण यादव,विनोद मिश्रा,प्रिया पांडे, भानु पांडे, वंदना दुबे,श्रष्टि पाठक, गौरव पांडे, काजल मौर्या,महेंद्र प्रताप सिंह और सुरेश यादव जैसे कलाकार शामिल है। वहीं इस फिल्म में कथा,पटकथा,संवाद सत्येंद्र सिंह, कला-अंजनी तिवारी, छायांकन-विजय मंडल, नृत्य-कानू मुखर्ज़ी, सोनू प्रीतम, मारधाड़-श्रवण कुमार, संगीत- ओम झा, गीत-अरबिंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, संकलन-धरम सोनी, पोस्ट प्रोडक्शन -बॉलीवुड उमंग, ट्रेलर,डी .आई. कलरिस्ट- धरम सोनी, पाश्र्व संगीत मिक्सिंग -प्रियांशू राज, क्रिएटव टीम -मारुदा शर्मा (ईपी), नेहा उपाध्याय, विशाल यादव, कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी, सह-निर्देशक- पुष्पेंद्र सिंह मोनू, निर्माण व्यवस्थापक-भास्कर तिवारी, ह्रदय यादव,विक्रम विश्नोई, निर्माण प्रबंधक-राजेश सेन राकेश तिवारी,डी. के. गुप्ता, एम पी सिंह है। ज्ञातव्य हों कि यूपी और बिहार मे गवना का बडा महत्व होता है,शादी के कुछ माह या एक दो साल में जब दुल्हन की दुबारा बिदाई कराकर ससुराल पक्ष द्वारा ले जाया जाता है उसे गवना कहा जाता है। यूपी और बिहार में गवना का बहुत बडा महत्व है, इसी पर इस फिल्म की कहानी आधारित है।

## फैशन की दुनिया

## लाइफ स्टाइल



बैंगलोर फैशन वीक दुनिया भर के फैशन डिजाइनरों और प्रमुख खरीदारों को करीब लाने और सार्थक चर्चा में सक्षम बनाने में आगे आया है। यह एशिया का सबसे बड़ा फैशन शो है और आभूषण, फैशन और सहायक उपकरण के लिए सबसे अधिक मांग वाला व्यापार मेला है। 2009 से शुरू हुए इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में दो लाख तक की भीड़ जुटती है। इसकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है और फैशन की दुनिया में यह एक स्थापित शो बन रहा है। पिछले शो के दौरान कुछ मॉडल इस अंदाज में नजर आईं।

## बालों को घर पर ही प्रोटीन ट्रीटमेंट देने के तरीके जानें

यह बात तो हम सभी को पता कि बाल प्रोटीन से बने हुए होते हैं और यदि बालों में प्रोटीन की कमी हो जाए तो यह बेजान और रूखे होने लग जाते हैं। इतना ही नहीं बालों में प्रोटीन की कमी के कारण और बहुत सारी समस्याएं होने लग जाती हैं। बाजार में आपको बहुत सारे हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट मिल जाएंगे। साथ ही आपको बाजार में बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे, जो बालों में प्रोटीन पहुंचाने का दावा करते हैं। मगर ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'जब तक आपकी फूड हैबिट्स ठीक नहीं होंगी या फिर आप प्रोटीन युक्त आहार नहीं लेंगे, तब आपके बालों तक उचित प्रोटीन नहीं पहुंच पाएगा। इसके साथ ही आपको बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना ही है तो आप घरेलू चीजों से दे सकती हैं। हम अपने सैलून में आने वाले क्लाइंट्स को भी यही सलाह देते हैं और अब तो आपको यह नेचुरल ट्रीटमेंट बड़े-बड़े ब्यूटी सैलून में भी आपको मिल जाएगा।'

पूनम कुछ नेचुरल हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट्स के बारे में बताती भी हैं-



### दूध का हेयर मास्की

1 कप दूध में 1 बड़ा चम्मबच एलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच गुलाबजल मिक्सह कर लें। इसके बाद आप इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट के लिए मिश्रण को बालों पर लगा रहने दें और फिर आप बालों को वॉश कर लें। हफ्ते में एक बार आपको इस विधि से बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना होगा।

### अंडे का हेयर मास्क

आपके बाल अगर ड्राई हैं तो बालों में अंडे का पीला भाग लगाएं और यदि आपके बाल ऑयली हैं तो आपको अंडे का सफेद भाग बालों में लगाना चाहिए। अंडे में आप दही मिक्स कर सकती हैं। यह भी एक बहुत अच्छा नेचुरल प्रोटीन ट्रीटमेंट साबित हो सकता है। दही का हेयर मास्को दही में नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं और 40 मिनट तक बालों में इस मास्क को लगा रहने दें।

### नारियल के दूध का हेयर मास्क

नारियल का दूध भी प्रोटीन का बहुत अच्छा सोर्स होता है। आप इसे भी बालों में लगा सकती हैं। नारियल का दूध आप यदि महीने में एक बार भी बालों में लगाती हैं और 40 मिनट बाद बालों को वॉश कर लेती हैं, तो बाल बहुत सॉफ्ट एवं स्मूथ हो जाते हैं।

### बादाम का तेल

बादाम भी प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। आपको बाजार में बादाम का तेल आसानी से मिल जाएगा। बालों में बादाम के तेल की 10 मिनट मालिश करें और फिर बालों को हॉट टॉवल ट्रीटमेंट दें। इससे तेल बालों में अच्छी तरह से पेनिट्रेट हो जाएगा।

### देसी घी से करें मालिश

बालों के लिए देसी घी भी किसी वरदान से कम नहीं है। आप घी को थोड़ा सा गरम करें और फिर इससे बालों की मसाज करें। यदि आप हफ्ते में दो बार ऐसा करती हैं, तो आपके बालों को बहुत फायदा पहुंचेगा। आपके बाल मजबूत होने के साथ ही बहुत ज्यादा चमकदार भी हो जाएंगे।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लोग करेंगे तारीफ

फैशन





पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

**सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन :** कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

**वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन :** अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन :** कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट। इस तरीके के जंपसूट कॉकटेल पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होते हैं। इन्हें आप हैवी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इसके साथ आप बेल्ट, ज्वेलरी और ट्रेंडी हेयर स्टाइल के साथ लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इस बार कॉकटेल पार्टी में इन आउटफिट डिजाइन को ट्राई करें और लुक को परफेक्ट बनाएं। इस तरीके के जंपसूट आपको मार्केट में काफी सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

## एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसी तरह लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है।

**क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?**

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

**क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?**

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।



### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

**रैशेज की समस्या को कम कैसे करें :** गर्मी के मौसम में सनबर्न और एलर्जी के कारण रैशेज होने लगते हैं। रैशेज की वजह से खुजली की समस्या होने लगती है। रैशेज होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। बस रैशेज पर लौंग का पानी लगाएं। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करता है।

लौंग का फेस पैक कैसे बनाते हैं?


3 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 1 चम्मच लौंग का पानी 1 चम्मच गुलाब जल मिलाकर फेस पैक बना सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी

अगर आपको पर्ल ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद है तो यहां बताए गए डिजाइन को आप आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं।

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

**पर्ल ज्वेलरी सेट :** अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल



जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

**पर्ल इयररिंग्स :** मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

पर्ल ब्रेसलेट

अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको लेयर वाले ब्रेसलेट और सिंगल ब्रेसलेट डिजाइन भी मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

## अपने फैशन सेंस को निखारने स्टाइलिश सेलेब्स को फॉलो करें

*हालांकि फैशन के मामले में भी सभी स्टार टॉप पर नहीं होते हैं। कुछ ही सेलिब्रिटी की स्टाइल कमाल की होती है। उनके लुक को देखने वाले कहते हैं-'वाह क्या कमाल की ड्रेस पहनी है और क्या लुक है ब्रो।' हम ऐसे ही कुछ स्टाइलिस्ट एक्टर की बात करने वाले हैं जिनके फैशनेबल फोटो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जाते हैं। खासकर, गर्मी के सीजन में हम उनके समर लुक को देखेंगे। शायद उनका लुक हमें स्टाइलिश बनाने के काम आ जाए।*

# समर लुक में चाहिए कुछ हट कर तो स्टाइलिश सेलेब्स को जरूर देखें



### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत ऐसे एक्टर हैं जो कम समय में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। उनको काफी पसंद किया जाता है। सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म गली बॉय के साथ चर्चा में आए। अगर फैशन सेंस की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी उसमें टॉप पर हैं। अगर आप इनके फोटो को देखें तो ये आपके लिए गर्मी में बेस्ट है। जो लोग घर पर रह रहे हैं वे लोग सिद्धांत के फैशन को फॉलो कर सकते हैं। उनकी स्टाइल सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव है। सिद्धांत को इंस्टाग्राम पर 1.6 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### वरुण धवन

एक्टर वरुण धवन लंबे समय से अपने फैशन-स्टाइल को बरकरार रखे हुए हैं। अगर समर लुक की बात करें तो उनकी सिंपल ड्रेसिंग लाजवाब होती है। यही कारण है कि वरुण की फैन फॉलोइंग काफी है। इसलिए उनको अधिकतर लोग पसंद करते हैं। अगर हम फिल्मों की बात करें तो वरुण धवन उतने पसंद नहीं किए जाते हैं।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा



एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी खुद को फैशन के मामले में आगे रखते हैं। अगर आप समर लुक की बात करते हैं तो वह बगैर सनग्लास के पूरी नहीं हो सकती। इसलिए परफेक्ट समर लुक के लिए सनग्लास पहनना न भूलें। यह बात आप सिद्धार्थ मल्होत्रा से सीख सकते हैं। इसलिए अब आपको भी अपने लिए एक सनग्लास ले लेना चाहिए।

### एक्टर सनी सिंह

नए दौर के स्टाइलिश एक्टर्स की बात करें तो उसमें एक्टर सनी सिंह भी शामिल हैं। सनी सिंह की हेयरस्टाइल और उनके स्नीकर्स युवाओं को काफी पसंद आते हैं। इसके अलावा उनका ड्रेस सिलेक्शन भी कमाल का है। निर्देशक लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' के साथ सनी चर्चा में आए। इस मूवी में उनके किरदार को पसंद किया गया था। अब उनकी स्टाइल-फैशन को भी युवा पसंद करते हैं। गर्मी के मौसम के लिए बेहतर शर्ट की तलाश में हैं तो ऊपर वाली शर्ट के बारे में आपका क्या ख्याल है। एक बार इसको खरीदने के बारे में सोच सकते हैं।

13 - June -Jas-cori-janj-Bhoomi pg- 3_Layout 1 6/13/2024 7:38 PM Page 1





# सनी देओल ने बदला अपना लुक शर्टलेस होकर शेयर किया वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2' के साथ एक बार फिर से इंडस्ट्री में धमाकेदार वापसी की है। सनी की 'गरद 2' ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। ऐसे सालों बाद सनी को गदर में देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। फिल्म के हिट होते ही सनी एक बार फिर से खबरों में बने हुए हैं। इस वक्त उनकी झोली में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं, सनी का नया लुक चर्चा में बना हुआ है। 66 साल के सनी ने अपने नए लुक से सोशल मीडिया पर गदर मचा दिया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक्टर अपने लुक से 40 साल से भी कम नजर आ रहे हैं। वीडियो में सनी बिना शर्ट के दिख रहे हैं। उन्होंने सिर पर एक ब्लैक कलर की टोपी और काला चश्मा लगाया है।


लाइफ Style

# आलिया
## 'कल्कि 2898 एडी' की तारीफ

एजेंसी ⏭ मुंबई

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे।

आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट स्टोरी पर 'कल्कि 2898 एडी ' का ट्रेलर साझा किया। साथ ही उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा और निर्देशक नाग अश्विन सहित फिल्म के सभी कलाकारों को टैग करते हुए लिखा, 'यह अवास्तविक लग रहा है' एक क्लैप इमोजी के साथ। आलिया भट्ट आखिरी बार रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। अब जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तो इसमें दिशा का लुक भी सामने आ गया। जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तभी से प्रशंसकों और सितारों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई थीं, अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभास ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि निर्देशक नाग अश्विन ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखते हुए बनाई है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए बनाई गई है, जिस वजह से इसका बजट काफी तगड़ा है।




हॉलीवुड मसाला



# कानूनी फीस भरते-भरते कर्ज में डूबे

**लॉस एंजिलिस।** दो बार के ऑस्कर विजेता मशहूर हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी पर कुछ वर्ष पहले यौन उत्पीड़न कई आरोप लगे थे। हालांकि, बीते वर्ष वे सभी आरोपों से बरी हो गए। यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के किसी मामले में वे दोषी नहीं पाए गए। लेकिन, खुद पर लगे आरोपों के बाद उनके कई वर्ष कोर्ट के चक्कर काटते हुए बीते और कानूनी फीस का खर्चा भी बेहिसाब आया। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अभिनेता कर्ज के बोझ तले दबे हैं।



# ड्वेन जॉनसन को 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर लगी चोट

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता ड्वेन जॉनसन को फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर दाहिनी कोहनी में काफी गंभीर चोट लगी है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि जॉनसन की चोट से प्रोजेक्ट पर असर पड़ेगा या नहीं, क्योंकि चोट पर किसी भी टिप्पणी के लिए ए24 से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।ड्वेन जॉनसन ने हाल ही में, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को इसकी जानकारी दी है। ड्वेन ने कहा, 'जैसा कि आप लोग जानते हैं, मैं 'द स्मैशिंग मशी'न नामक एक फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं , और जब भी आपकी फिल्म का नाम 'द स्मैशिंग मशीन' होता है , तो आप चकनाचूर हो जाते हैं।' अपनी कोहनी में सूजन की ओर इशारा करते हुए अभिनेता ने आगे कहा, 'ऐसा लगता है कि मेरी कोहनी के निचले हिस्से में खरबूजा जैसा कुछ है।



# पर्दे पर देख पाएंगे किरण की कहानी

**नई दिल्ली।** बायोपिक किसी प्रेरणादायी शख्सियत की जिंदगी से लोगों को रूबरू कराने और उन्हें प्रेरित करने का एक बेहतरीन तरीका है। बीते कुछ समय में कई बेहतरीन बायोपिक फिल्में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा भी है। जल्द ही फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक 'चंदू चैंपियन' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। इस बीच अब भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी पर भी बायोपिक बनने जा रही है। दर्शक जल्द ही किरण बेदी की जिंदगी को पर्दे पर देख पाएंगे। 11 जून को फिल्म के निर्माताओं ने एक वीडियो जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।



# ललित ने कुमार सानू से जताई नाराजगी

**मुंबई।** शाहरुख खानी की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से है। इस फिल्म को देश-विदेश दोनों से बहुत प्यार मिला। वहीं, इस फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबान पर चढ़े रहते हैं। हालांकि, अब इस फिल्म के लिए गाना कंपोज करने वाली जोड़ी जतिन-ललित के ललित पंडित ने कुमार सानू संग नाराजगी व्यक्त की है। ललित पंडित ने कहा कि ये थोड़ा परेशान करने वाला है कि तुझे देखा तो ये जाना सनम गाने वाले कुमार सानू ने गाने के बोल लिखने वाले आनंद बक्शी और गाने के लिए संगीत तैयार करने के लिए हमें (जतिन-ललित) कभी क्रेडिट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनका (कुमार सानू) लगातार ये कहना कि ये'मेरा गाना है, मेरा गाना है', ये बात अच्छी नहीं है। कंपोजर ललित पंडित ने कहा कि एक गाना कभी भी पूरी तरह के किसी गायक का नहीं होता है।

टीवी मसाला



# ऐश्वर्या सखुजा बनीं सर्टिफाइड थेरेपिस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या सखुजा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक खुशखबरी को अपने फैंस के संग साझा किया है। वे अब सर्टिफाइड थेरेपिस्ट बन गई हैं। ऐश्वर्या सखुजा 'सास बिना ससुराल' जैसे हिट शो में काम कर चुकी हैं। इस शो के अलावा भी वे कई और शो का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन पिछले काफी समय से वे किसी सीरियल में नजर नहीं आई हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं। उन्होंने कहा, 'देखिए एक्टिंग फ्री-लांसिंग जैसा काम है। अगर काम मिला तो ठीक नहीं तो इतंजार करते रहिए। बीच में पता नहीं क्यों मुझे काम मिलना एकदम बंद हो गया और इसके लिए मैं किसी को ब्लेम नहीं करना चाहती हूं। जब मुझे काम मिल रहा था तब मैंने किसी को इसके लिए धन्यवाद नहीं कहा तो अब क्यों किसी को दोष दूं'। 'जब मैं अपने जिंदगी के लो फेज से गुजर रही थी तब मेरे पति ने मुझे काफी सपोर्ट किया। उन्होंने ही मुझे एक थेरेपिस्ट के पास भेजा था। वहां जाकर मैं काफी ठीक हो गई। फिर मेरी थेरेपिस्ट ने ही मुझे सलाह दी कि मैं थेरेपिस्ट बन सकती हूं।


## स्टंट के दौरान शालीन भनोट को 200 बिच्छुओं ने काटा, बिगड़ गया चेहरा

**नई दिल्ली।** शालीन भनोट वर्तमान में टीवी के स्टंट आधारित रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शो के सेट से अपना एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। हालांकि, शालीन द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों को उनके लिए चिंतित कर दिया है। इस वीडियो शालीन काफी घायल नजर आ रहे हैं। शालीन ने इसे अपने प्रशंसकों का श्रेय देते हुए लिखा, 'आप सभी के लिए कुछ भी।' एक रिपोर्ट में बताया गया है कि शो में स्टंट के दौरान शालिन को 200 बिच्छुओं ने काट लिया। इसकी वजह से अभिनेता का चेहरा सूज गया है। कुछ दिनों पहले शालीन को बिना हार्नेस के स्टंट करने की कोशिश करने के बाद स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। हालांकि, शो में अभिनेता के कार्यकाल ने एक और विवाद को भी जन्म दिया है।



# 'पहला नशा' गाना में उड़ गई थी पूजा की स्कर्ट...

**मुंबई।** फराह खान ने अपनी फिल्म जो जीता वही सिकंदर के गाने की कोरियोग्राफी का मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि 'पहला नशा' गाना उनको किस्मत से मिला ब्रेक था। इस गाने को रोमांटिक दिखाने के चक्कर में फराह ने कुछ इंट्रेस्टिंग आइडियाज डाले थे। जैसे पूजा बेदी को मर्लिन मुनरो वाला पोज करना था। इस शूट के दौरान पूजा ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई थीं। पूजा को कार के ऊपर खड़े होना था और पंखे से





उनकी स्कर्ट उड़नी थी। फराह बोलीं, मैंने पूजा को बताया कि जब पंखा चले तो अपनी स्कर्ट पकड़ लेना। पहले शॉट में स्पॉट बॉय पंखा पकड़े था। जैसे ही पंखा चला पूजा ने स्कर्ट नहीं पकड़ी और स्पॉटबॉय बेहोश हो गया और मैंने पहली बार देखा था कि थॉन्ग (बहुत कम कपड़े वाला अंडरवेअर) कैसे दिखते हैं। पूजा बिंदास थीं, उन्हें फर्क नहीं पड़ा।

# 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस कर रहे विशेष शो की मांग...



**मुंबई।** नाग अश्विन निर्देशित 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बड़े-बड़े सितारों से सजी इस फिल्म का देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट 27 जून निर्धारित की गई है। बीते सोमवार की शाम ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ट्रेलर के बाद फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैंस आंध्र प्रदेश के शहरों में बड़े पैमाने पर विशेष शो की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा हैदराबाद में भी सुबह 3 बजे से विशेष शो की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में सरकार बदली है।

## फिर भी इन सितारों ने ठुकराया शो का ऑफर

# बिग बॉस की बदौलत मिलता है दौलत, शोहरत और करियर के मौके

*नई दिल्ली। बिग बॉस भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय टीवी शो में से एक है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान होस्ट करते रहे हैं। अब की बार अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। यह शो बिग ब्रदर पर आधारित है, जिसमें एक-दूसरे को न जानने वाले सेलिब्रिटी एक साथ रहते हैं। कई सेलिब्रिटी को बिग बॉस में भाग लेना बेहद मुश्किल लगता है और कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद उन्होंने घर में प्रवेश करने के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने कई बार ऑफर मिलने के बावजूद लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है।*



**अनुषा दांडेकर :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अनुषा दांडेकर का। अभिनेत्री अनुष्का दांडेकर को लेकर खबर आ रही थी कि वे इस बार बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा बनने वाली हैं, जिसे अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। हालांकि, इस अफवाहों का खंडन करते हुए अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की थी और उन्होंने बताया था कि वे बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में शामिल नहीं हो रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उन्हें कई बार बिग बॉस का ऑफर मिला है और वे इसे पहले ही ठुकरा चुकी हैं।



**फैजल खान :** इस लिस्ट में अगला नाम अभिनेता फैजल खान है, जो बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भाई हैं। फैजल को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने बिग बॉस 16 के लिए संपर्क किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो में इसके बारे में खुलासा किया था, 'हाय दोस्तों, सब कैसे हैं? मुझे थोड़ा वायरल फीवर हो गया था, पिछले कुछ दिनों से ... पर अब मैं काफी बेहतर हूं, दवा खाई मैंने। मैंने अपने कई दोस्तों से बात की और जाना कि उन्हें भी यह हवा में है, इसलिए कृपया ध्यान रखें। खुशी का दिन है मेरे लिए, क्योंकि मुझे आज दो ऑफर मिले हैं।' उन्होंने आगे बताया 'एक बिग बॉस के लिए था, लेकिन मैंने इसे अस्वीकार कर दिया। एक टीवी सीरियल के लिए एक और प्रस्ताव था। मैं काफी उत्साहित हूं कि लोग मेरे बारे में सोच रहे हैं और मुझ पर विचार कर रहे हैं। मैं खुश हूं। कृपया मेरे लिए प्रार्थना करें कि मुझे कुछ अच्छा काम मिले, ताकि मैं आप सभी का मनोरंजन कर सकूं चाहे वह वेब सीरीज हो या फिल्म।'



**दिव्यांका त्रिपाठी :** अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी से कई साल से इस शो के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने कभी हां नहीं कहा। दिव्यांका से एक अन्य लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में आने के बारे में पूछा गया था। दिव्यांका ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं कभी बिग बॉस करूंगी या नहीं। शो मुझे थोड़ा डराता है, जैसा कि मैंने आपको पहले बताया, मैं अपनों के बीच रहने वाली हूं, इसलिए इसके ऊपर से घर से दूर रहना और मेरे पति विवेक, ये सभी विचार मुझे डराते हैं और मुझे यह मुश्किल लगता है तो यह मेरा फोबिया है। मैं अपने परिवार से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकती। यह एक मुश्किल काम है।'



**नेहा धूपिया :** अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा है कि उन्हें 'बिग बॉस' के घर में जाने की कोई इच्छा नहीं है। नेहा ने कहा, 'मैं 'बिग बॉस' बहुत देखती हूं। मैं सलमान खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। शो देखने की वजह वे ही हैं, लेकिन मैं कभी भी घर में नहीं जाऊंगी। लोगों को लगता है कि हम हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं, इसलिए हमारे लिए कैमरा लेकर घूमना आसान है, लेकिन हर समय कैमरा मेरे ऊपर होने से मैं बहुत असहज महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि होस्ट के तौर पर सलमान बिल्कुल शानदार हैं। जिस तरह से वे प्रतिभागियों से बात करते हैं, वह परिस्थितियों को पूरी तरह से सही ठहराते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने शो को देखने लायक बना दिया है।



**अर्जुन बिजलानी :** टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने ऑफर दिया था। एक साक्षात्कार में अर्जुन ने बिग बॉस में हिस्सा न लेने की वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, 'नहीं, मैं बिग बॉस 15 का हिस्सा नहीं हूं, क्योंकि मैं दूसरे शो के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं अक्टूबर के अंत में शूटिंग खत्म कर लूंगा, इसलिए मेरे लिए बिग बॉस के घर में प्रवेश करना संभव नहीं है। मूल रूप से शूटिंग सितंबर में खत्म होने वाली थी और मुझे लगा था कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले पाऊंगा। हालांकि, इसमें देरी हो गई और चीजें ठीक नहीं हुईं।'

